## 3 – (आवेदन–पत्र भाग–1)

इसी पृष्ठ पर दिये गये Edit/Submit Form बटन को क्लिक करते ही एक नया पृष्ठ खुलेगा जिस पर आपके द्वारा पहले पृष्ठ पर भरी गयी सूचनाएँ, जैसे– कैन्डिडेट नेम, मोबाइल नम्बर, ई–मेल, डोमिसाईल, कैटेगरी, आदि सूचनाएँ स्क्रीन पर दिखेंगी । इसी पृष्ठ पर **Application Number** जो कम्प्यूटर द्वारा ऑटोमैटिक जेनरेट होगा को आप अपने पास सुरक्षित रूप से नोट कर लें । भविष्य में इसकी आवश्यकता होगी। आवेदन–पत्र के भाग–1 के प्रमुख बिन्दु निम्न हैं–

1. Do you belong to Non Creamy Layer : यदि आपकी कैटेगरी BC या EBC है और आप नॉन क्रीमीलेयर में आते हैं तो YES सेलेक्ट करें और यदि आप नॉन क्रीमीलेयर में नहीं आते हैं तो NO सेलेक्ट करें। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि यदि आप नॉन क्रीमीलेयर में NO सेलेक्ट करते हैं तो आवेदन–पत्र के अगले भाग में आपकी कैटेगरी BC या EBC के बजाय GEN दिखायी देगी।
2. Sex : कॉलम पर जायें। पुरूष अभ्यर्थी Male तथा महिला अभ्यर्थी Female सेलेक्ट करें ।
3. Do you belong to Home Guard/Ex-Servicemen : कॉलम पर जायें। यदि आप होमगार्ड हैं तो Homeguard सेलेक्ट करें। यदि आप भूतपूर्व सैनिक हैं तो Ex-Servicemen सेलेक्ट करें। दोनों में से कोई नहीं हैं तो NO सेलेक्ट करें।

**नोट :–** यहाँ अभ्यर्थी को यह सलाह दी जाती है कि उपरोक्त भरी गयी सूचनाओं को भली–भाँति जाँच लें क्योंकि **Next** बटन पर क्लिक करने के बाद भरी गयी सूचनाओं में आप किसी भी तरह परिवर्तन नहीं कर सकते हैं । यदि सूचनाएँ सही भरी गयी हैं तो **I certify that the information filled in this application form is complete, true and accurate** के बायीं ओर बने चेक बॉक्स को टिक (√) करें। इसी पृष्ठ के अन्त में Next बटन पर क्लिक करते ही आप आवेदन–पत्र भरने की प्रक्रिया में Application Form Part- 2 पर पहुँच जायेंगे । इस पृष्ठ पर Application Form Part- 1 का सम्पूर्ण डाटा प्रदर्शित होगा।